11

भा कृ अनु प-केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोच्ची में वर्ष 2017 के दौरान आयोजित राजभाषा हिन्दी के कार्यक्रम

नवीन कुमार यादव, ई.के. उमा और वंदना वी.

भा कृ अनु प - सी एम एफ आर आइ, कोच्ची, केरल

हिन्दी पखवाड़ा समारोह 2017

भा कृ अनु प - केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा इसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2017 तक हिन्दी पखवाड़ा बड़ी धूमधाम से मनाया गया. लोगों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना ही हिन्दी पखवाड़ा समारोह का लक्ष्य है. इस सिलसिले में संस्थान में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन, स्मृति परीक्षा, हिन्दी टंकण, हिन्दी वार्तालाप, हिन्दी भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

संस्थान में हिन्दी पखवाडा 2017 की शुरुआत 14 सितंबर को हिन्दी दिवस की घोषणा से हुई. दिनांक 15.09.2017 को हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन, दिनांक 20.09.2017 को स्मृति परीक्षा, दिनांक 22.09.2017 को हिन्दी टंकण दिनांक 27.08.2017 को हिन्दी वार्तालाप एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं. सभी प्रतियोगिताओं में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया.

संस्थान के प्लेटिनम जयंती समारोह के संदर्भ में कोच्ची नगर के हायर सेकन्डरी स्कूलों के छात्रों के लिए दिनांक 28.09.2017 को "समुद्री जैवविविधता - चुनौतियाँ एवं समाधान" विषय पर हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी.

मुख्य अतिथि द्वारा सभा का संबोधन

हिन्दी पखवाड़ा समारोह, 2017 का समापन कार्यक्रम दिनांक 04.12.2017 को संस्थान के सम्मलेन कक्ष 601 में आयोजित किया गया. संस्थान के निदेशक डॉ. ए. गोपालकृष्णन की अनुपस्थिति में प्रभारी निदेशक डॉ. जी. महेश्वरुडु, अध्यक्ष, सी एफ प्रभाग काय्रक्रर्म

में अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे. श्री के.के. रामचंद्रन, उप निदेशक (रा भा), आयकर विभाग, कोचीन एवं सचिव, न रा का स, कोच्ची मुख्य अतिथि रहे. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री सी. मुरलीधरन ने सभा का स्वागत किया. प्रभारी निदेशक डॉ. जी. महेश्वरुडु ने अध्यक्षीय भाषण दिया. मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में सरकारी कामकाज में हिन्दी भाषा के सरलीकृत प्रयोग की आवश्यकता पर जोर दिया.

राजभाषा रॉलिंग ट्रोफी प्रदान करने का दृश्य

इस समारोह में मुख्य अतिथि, प्रभारी निदेशक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सहायक निदेशक (रा भा) द्वारा हिन्दी पखवाड़ा की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए गए. स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए. वर्ष 2016-17 के दौरान हिन्दी में मूल काम करने के लिए कर्मचारियों को भारत सरकार की योजना के अंतर्गत नकद पुरस्कार प्रदान किए गए. प्रतियोगिताओं के सभी भागीदारों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए. पुरस्कार वितरण के बाद सी एम एफ आर आइ के कर्मचारियों ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया. श्री नवीन कुमार यादव, सहायक निदेशक (रा भा) ने धन्यवाद ज्ञापित किया. राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ.

संस्थान के सभी क्षेत्रीय एवं अनुसंधान केन्द्रों में सितंबर, 2016 महीने के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ हिन्दी सप्ताह / पखवाड़ा मनाया गया.

हिन्दी कार्यशालाएं: संस्थान के कार्मिकों को हिन्दी में काम करने को प्रोत्साहित करने तथा हिन्दी में वार्तालाप करने की

मुख्यालय में हिन्दी कार्यशाला

विषिंजम अनुसंधान केन्द्र में हिन्दी कार्यशाला

हिचक दूर करने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान चार कार्यशालाएं – 08 फरवरी, 2017, 17 जून, 2017, 19 जुलाई, 2017 और 22 दिसंबर 2017 को आयोजित की गयीं.

इसी तरह संस्थान के विभिन्न क्षेत्रीय तथा अनुसंधान केन्द्रों में भी हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गयीं.

संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण - मुम्बई अनुसंधान केन्द्र

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने 03 मई,

मुम्बई अनुसंधान केन्द्र में संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण